**अत्यन्त महत्वपूर्ण**

**संख्या–581/पॉच–5–2020**

**प्रेषक,**

**राजेन्द्र कुमार तिवारी,**
मुख्य सचिव,
उ0प्र0 शासन।

**सेवा में,**

1. **समस्त अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव, उ0प्र0 शासन,**
2. **समस्त मण्डलायुक्त, उ0प्र0,**
3. **समस्त जिलाधिकारी/पुलिस आयुक्त/वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक/पुलिस अधीक्षक, उ0प्र0।**

**चिकित्सा अनुभाग–5** **लखनऊ दिनांक :17 मार्च, 2020**

**विषय–कोविड–19 के प्रसार की रोकथाम हेतु सोशल डिस्टेन्सिंग एवं अन्य उपाय लागू करने हेतु उठाये जाने वाले कदम।**

**महोदय,**

आप अवगत हैं कि सोशल डिस्टेन्सिंग एक गैर फार्मास्यिुटिकल संक्रमण निवारण एवं नियंत्रण इंटरवेंशन है जो संक्रमित लोगों एवं गैर संक्रमित लोगों के मध्य सम्पर्क को कम करके समाज में बीमारी के प्रसार को रोकने/कम करने में सहायक है। इस उपाय को अपनाकर किसी बीमारी की वृद्धि की दर (Morbidity) एवं इससे होने वाली मृत्यु दर (Mortality) को कम किया जा सकता है।

2– प्रश्नगत संदर्भ में इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कोविड–19 बीमारी की रोकथाम एवं नियंत्रण हेतु सोशल डिस्टेन्सिंग के उपाय को अपनाने हेतु निम्नानुसार कार्यवाही सुनिश्चित कराने का कष्ट करें–

1. चिकित्सा शिक्षा को छोड़ते हुए शेष सभी प्रकार के शैक्षणिक संस्थान, जिम, म्यूजियम, पर्यटन स्थल, सांस्कृतिक एवं सामाजिक केन्द्र, स्वीमिंग पूल एवं थियेटर दिनांक 02 अप्रैल 2020 तक बन्द रहेंगे।
2. छात्रों को घर में ही रहने का परामर्श दिया जाय एवं ऑनलाइन शैक्षणिक गतिविधियों को बढ़ावा दिया जाये।
3. उत्तर प्रदेश सरकार के अन्तर्गत आने वाले सभी विश्वविद्यालयों/बोर्डों/संस्थानों की परीक्षाएं एवं समस्त प्रतियोगी परीक्षाएं दिनांक 02 अप्रैल 2020 तक स्थगित रहेंगी।
4. तहसील दिवस व समाधान दिवस का आयोजन दिनांक 02 अप्रैल 2020 तक स्थगित रहेगा।
5. कोरोना वायरस के मरीजों की चिकित्सा की व्यवस्था का समस्त खर्च राज्य सरकार द्वारा वहन किया जाएगा।

DTEUP 18/3/20

–2–

6. दिनांक 02 अप्रैल, 2020 तक बायोमेट्रिक मशीन से उपस्थिति नहीं ली जाएगी। इसके लिए पंजिका का प्रयोग किया जाए।
7. कोरेनटाइन/आईसोलेशन में रखे जाने वाले कार्मिकों को नियोजकों के द्वारा सवेतन अवकाश दिया जाएगा।
8. निजी क्षेत्र के संस्थानों एवं नियोक्ताओं को इस हेतु प्रेरित किया जाय कि जहॉ तक सम्भव हो कर्मचारियों को घर से कार्य करने की अनुमति दी जाय।
9. जहॉ तक सम्भव हो बैठकें वीडियों कान्फ्रेसिंग के माध्यम से की जाये। जिन बैठकों में बड़ी संख्या में लोगों को प्रतिभाग करना हो उन्हें सीमित किया जाय अथवा पुर्ननिर्धारित किया जाय।
10. रेस्टोरेन्टों द्वारा हैण्ड वाशिंग प्रोटोकॉल सुनिश्चित किया जाय तथा जिन स्थानों को बार–बार छुआ जाता है, उनकी समुचित साफ–सफाई सुनिश्चित की जाय। मेजों के बीच की भौतिक दूरी न्यूनतम एक मीटर रखी जाय। जहां पर सम्भव हो, खुले में बैठने की व्यवस्था की जाय तथा पर्याप्त दूरी रखी जाय।
11. पूर्व निर्धारित वैवाहिक कार्यक्रमों में आमंत्रितों को सीमित किया जाय तथा अनावश्यक सामाजिक सांस्कृतिक सम्मेलनों को स्थगित किया जाय।
12. स्थानीय प्रशासन, खेल आयोजनों तथा प्रतियोगिताओं जिनमें बड़ी भीड़ की सम्भावना हो, के आयोजकों से संवाद स्थापित कर उन्हें ऐसे आयोजनों को स्थगित करने की सलाह दे।
13. जिलाधिकारी, धार्मिक स्थलों के प्रबन्धक व धर्मगुरूओं से संवाद स्थापित कर उन्हें जागरूक करें। भीड़ को नियंत्रित करने की सलाह दें एवं धर्मगुरूओं से अपील करें कि कम से कम लोग आयें और भीड़ को इकट्ठा न करें। जिलाधिकारी यह भी सुनिश्चित करें कि मेले आदि में आने वाले लोगों को जागरूक करें और संक्रमण से बचने हेतु पूरी सावधानी बरती जाए। अपरिहार्य कार्यक्रमों में लोगों के बीच कम से कम एक मीटर की दूरी रहे। ऐसे किसी भी आयोजन में हाथ धोने हेतु साबुन, पानी/हैण्ड सेनेटाइजर की व्यवस्था की जाए।
14. व्यापारिक स्थलों, सब्जी मण्ड़ी, आनाज मण्डी, बस अड्डों, रेलवे स्टेशनों, डाकखानों आदि जहॉ आवश्यक सुविधायें प्रदान की जाती हैं, में संचालन अवधि को नियंत्रित करने, कोरोना वायरस के प्रसार की रोकथाम के लिए "क्या करें क्या न करें" के प्रदर्शन हेतु प्रचार अभियान चलाने के लिए स्थानीय प्रशासन, व्यापारिक संगठनों एवं अन्य हित साधकों के साथ बैठक करें।
15. सभी व्यापारिक गतिविधियों में ग्राहकों से न्यूनतम एक मीटर की दूरी बनाये रखी जाय। बाजारों में पीक आवर्स को कम करने के उपाय किये जाये।
16. अनावश्यक यात्रा से बचा जाय। बस, ट्रेन तथा वायुयान जैसे सार्वजनिक परिवहन में लोगों की पर्याप्त दूरी सुनिश्चित की जाय तथा इन स्थानों पर सतहों का उचित वि–संक्रमण सुनिश्चित किया जाय।

–3–

17. अस्पतालों द्वारा कोविड–19 के प्रबन्ध हेतु निर्धारित प्रोटोकॉल का अनुपालन किया जाय और परिवारिक सदस्यों/मित्रों/बच्चों को मरीजों से मिलने को नियंत्रित किया जाय।
18. लोगों के मध्य स्वच्छता एवं भौतिक दूरी सुनिश्चित की जाय। हाथ मिलाना तथा गले लगाना जैसे अभिवादन के तरीके से बचा जाय।
19. ऑनलाइन आर्डर सेवा में कार्यरत डिलेवरी करने वाले कर्मी (मेन/वूमेन) हेतु विशेष रक्षात्मक उपाय अपनाये जाय।
20. जन सामान्य को निरन्तर इस सम्बन्ध में सूचना दी जाय।

कृपया उक्त का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करायें।

भवदीय,
17.3.2020
( राजेन्द्र कुमार तिवारी )
मुख्य सचिव।

**<u>संख्या–581(1)/पॉच–5–2020 तद्दिनॉक</u>**

<u>प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–</u>

1. प्रमुख सचिव, मुख्यमंत्री, उ0प्र0, शासन,
2. निजी सचिव, मुख्य सचिव, उ0प्र0, शासन,
3. महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें, उ0प्र0,
4. निदेशक, सूचना विभाग, उ0प्र0 को प्रचार–प्रसार हेतु,
5. निदेशक, संचारी रोग, उ0प्र0,
6. समस्त मण्डलीय अपर निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, उ0प्र0,
7. समस्त मुख्य चिकित्साधिकारी, उ0प्र0,
8. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
17.3.2020
( अमित मोहन प्रसाद )
प्रमुख सचिव।

प्राविधिक शिक्षा निदेशालय उत्तर प्रदेश
**Directorate of Technical Education Uttar Pradesh**
विकास नगर, कानपुर–208002
Vikas Nagar, Kanpur-208002
वेबसाइट/website : http://upted.gov.in/directorate
दूरभाष/Phone: 2582084 • फैक्स/Fax: 2580965 • ई–मेल/email:directordteup@gmail.com

पृ०सं०:60892-909/ई–प्रशा०(सरकुलर)कोरोना–बचाव, कानपुर:दिनांक:मार्च 18,2020

शासन के पत्र संख्या– 581/पाँच–5–2020, दिनांक 17.03.2020 की प्रति निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:–

1. विशेष सचिव, उत्तर प्रदेश शासन, प्राविधिक शिक्षा विभाग, विधान भवन, लखनऊ।
2. निदेशक, शोध विकास एवं प्रशिक्षण संस्थान, उ0प्र0, कानपुर।
3. समस्त संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा,उ0प्र0 को इस आशय से कि उक्त के संबंध में अपने क्षेत्रार्न्गत समस्त संस्थाओं को निर्देशित करें।
4. सचिव, संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद, उ0प्र0, लखनऊ।
5. सचिव, प्राविधिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित कि वे प्रदेश की समस्त निजी पालीटेक्निक संस्थाओं को अपने स्तर से निर्देशित करना सुनिश्चित करें।
6. समस्त प्रधानाचार्य, राजकीय एवं अनुदानित पालीटेक्निक संस्थायें उत्तर प्रदेश।
7. निदेशालय के समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी।

18/3/2020
( डी0के0 वर्मा )
उप निदेशक,
कृते निदेशक।

General-19-20\159\